# सेन्चुरी सीमेन्ट महाविद्यालय बैकुंठ
## वार्षिक प्रतिवेदन 2025–26

नमस्कार!

सेन्चुरी सीमेन्ट महाविद्यालय बैकुंठ द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अल्ट्राटेक सीमेन्ट परिवार प्रमुख सम्मानीय श्री पवन कुलकर्णी जी (यूनिट हेड– अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड बैकुंठ एवं अध्यक्ष सेन्चुरी सीमेन्ट शिक्षण समिति) श्री सुनंदा बसु जी (उपाध्यक्ष, सेन्चुरी सीमेन्ट शिक्षण समिति), श्री राजीव सिंघल जी (सचिव, सेन्चुरी सीमेन्ट शिक्षण समिति), श्री अभय चौबे जी (कोषाध्यक्ष, सेन्चुरी सीमेन्ट शिक्षण समिति), श्री अशोक सिन्हा जी, अर्पित गुप्ता, जितेन्द्र तनवर, अभिषेक तेवैतिया, सदस्य सेन्चुरी सीमेन्ट शिक्षण समिति, प्राचार्य द आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल , प्राचार्य सेन्चुरी सीमेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल बैकुंठ एवं, छात्रसंघ पदाधिकारी समस्त अधिकारी–कर्मचारीगण आसपास के गॉव से पधारे देवीयों एवं सज्जनों, मेरे सहयोगी प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण, स्नेहिल विद्यार्थीयों आप सभी का इस गरिमामयी आयोजन में हार्दिक अभिनंदन है।

ग्रामीण अंचल में संचालित हमारा यह उच्च शिक्षा संस्थान परमपूज्य बाबूजी स्व. श्री बी. के.बिडला जी एवं स्व. श्रीमती सरला बिड़ला जी के आर्शीवाद एवं उदात्त दानशीलता एवं सकारात्मक सोच का परिचायक है जो कि वर्तमान में आदरणीय श्री कुमारमंगलम बिड़ला चेयरमेन के आशिर्वाद एवं मार्गदर्शन में संचालित है। सेन्चुरी सीमेन्ट महाविद्यालय उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एवं पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा संबद्ध है।

वर्तमान में यहॉ बी.कॉम, बी.कॉम (कम्प्यूटर), बी.सी.ए. एवं पी.जी.डी.सी.ए. पाठ्यक्रम संचालित है, जिनमें कुल 212 विद्यार्थी अध्ययनरत है, जिनमें बहुसंख्यक छात्राएं है। यहॉ अध्ययनरत 90 प्रतिशत विद्यार्थी समीपवर्ती ग्रामीण इलाको तथा कस्बों से है।

महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं में 02 वातानुकुलित कम्प्यूटर लैब जहॉ 60 कम्प्यूटर उपलब्ध है। ग्रंथालय में महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथों के साथ ही पाठ्यपुस्तके उपलब्ध कराई गई है। विद्यार्थीयों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के विकास की दृष्टि से इन्हें पर्याप्त कीडा सुविधाए उपलब्ध है।

महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य (सहा.प्रा. हिन्दी) सहित 03 सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य), 04 सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर), 01 सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी),
01 कीड़ा अधिकारी, 01लेखापाल , 01 कार्यालय सहायक एवं 02 सफाई कर्मचारी महाविद्यालय के संचालन हेतु नियुक्त किये गये है।

अध्ययन के साथ ही कीडा तथा सांस्कृतिक गतिविधियॉ सहगामी एवं अनुसांगिक प्रक्रिया है। अल्प समय में ही सेन्चुरी सीमेन्ट महाविद्यालय ने अकादमिक तथा कीडा क्षेत्रो में विशिष्ट उपलब्धियॉ अर्जित की है।

Principal
Century Cement College
Baikunth. Dist.-Raipur (C G) 493116

आय–व्यय लेखा :–

| | | |
|---|---|---|
| सत्र 2024–25 में महाविद्यालयीन द्वारा कुल व्यय की गई राशि – | | **85,77,028.00** |
| गतवर्ष सत्र 2024–25 में प्रवेश शुल्क से प्राप्त राशि | – | 37,05,560.00 |
| अन्य प्राप्ति | – | 1,76,156.00 |
| शिक्षण समिति द्वारा महाविद्यालय को दी गई अनुदान राशि | – | 53,90,432.00 |
| कुल प्राप्ति | – | **92,72,148.00** |

**अकादमिक उपलब्धियॉ :–** विश्वविद्यालय द्वारा सत्र **2024–25** में आयोजित वार्षिक परीक्षाओं में महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा है। बी.कॉम , बीसीए प्रथम, द्वितीय तृतीय वर्ष, एवं पीजीडीसीए का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा।आज–तक महाविद्यालय के 08 छात्र–छात्रांओं ने पं0.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की प्रविण्य सूचि में अपना नाम दर्जकर महाविद्यालय को अकादमिक श्रेष्ठता में गौरवान्वित किया है।

**कीडा उपलब्धियॉ :–** हमारे महाविद्यालय ने कीडा क्षेत्र में व्यापक उपलब्धियॉ अर्जित की है। अब तक कुल **266 विद्यार्थीयों** ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं तथा **71 विद्यार्थीयो** ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी निभाई है।

राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में सत्र 2024–25 एवं 2025–26 में 06 छात्रो ने हमारे महाविद्यालय के द्वारा पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम में प्रतिनिधत्व कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में सत्र 2025–26 में 04 छात्रों ने हमारे महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

**अन्य गतिविधियॉ :–** महाविद्यालय में नियुक्त शैक्षणिक स्टाफ में ज्यादातर पी.एच.डी., नेट , स्लेट उपाधि धारक है। विद्यार्थीयों के व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से महाविद्यालय में वाद–विवाद, तात्कालिक भाषण एवं रंगोली, मेहंदी, सलाद सज्जा, आदि विविध प्रतियोगितायें आयोजित की गई। वाणिज्य विभाग एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा समय–समय पर विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सामयिक विषयों पर व्याख्यान आयोजित किये जाते रहे है।

वर्तमान में महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकायो में रोजगारपरक पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुये व्यासायिक पाठ्यक्रम का संचालन हो रहा है। महाविद्यालय के विकास हेतु आवश्यक कार्यवाही जैसे 2F, 12B , NAAC, का मूल्यांकन किया जाना प्रास्तावित है जिससे की महाविद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया जा सके जो कि छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के द्वारा दिये गये मापदंडों के अनुरुप महाविद्यालय का संचालन किया जा सके, इस हेतु महाविद्यालय NAAC मूल्यांकन के लिए संकल्पित है।

प्रबंधन समिति द्वारा प्रदान किये जाने वाले सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए कोटिशः धन्यवाद एवं आप सभी के सहयोग, आर्शीर्वाद एवं मार्गदर्शन की आकांक्षा के साथ आपका पुनः हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूॅ।

**धन्यवाद!**

प्राचार्य

Principal
Century Cement College
Baikunth. Dist.-Raipur (C.G) 493116